कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / मा–स / 22497 / 2017–18 दिनांक–07–06–2020

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।

विषयः– विद्यार्थियों को कक्षा–क्रमोन्नति प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका उपलब्ध कराने के संबंध में ।
संदर्भः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक – 29–05–2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा निर्देशित किया गया था कि कक्षा 1 से 9 एवं 11 के विद्यार्थियों, जिन्हें दिनांक 10–04–2020 द्वारा आगामी कक्षा में क्रमोन्नत किया जा चुका है, को कक्षा–क्रमोन्नति प्रमाणपत्र तथा कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थी, जिन्हें क्रमशः कक्षा 10 व 12 में क्रमोन्नत किया गया है को कक्षा–क्रमोन्नति प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका शालादर्पण से डाउनलोड़ कर, मोहर लगाकर विद्यार्थियों को वितरित की जावें।

उक्त आदेश के क्रम में यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन विद्यार्थियों द्वारा अन्य विद्यालय में प्रवेश हेतु स्थानान्तरण प्रमाणपत्र चाहा जाता है, के प्रकरणों में कक्षा–क्रमोन्नति प्रमाणपत्र शाला दर्पण से डाउनलोड़ कर एवं अंकतालिका तैयार कर, उन पर हस्ताक्षर कर विद्यार्थियों को संस्थाप्रधान द्वारा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करावें। इस हेतु विद्यालय के पुनः खुलने अर्थात 24.06.20 की प्रतीक्षा नहीं करनी है।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर
2. निजी सचिव, सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर
4. तकनीकी निदेशक, एन.आइ.सी, स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
5. समस्त सीडीईओ / जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक / प्रारंभिक
6. समस्त संस्था प्रधान को भेज कर निर्देशित किया जाता है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के कक्षा–क्रमोन्नति प्रमाणपत्र डाउनलोड़ कर लें तथा कक्षा 9 एवं 11 की अंकतालिका तैयार कर लें, जिससे विद्यार्थी द्वारा स्थानान्तरण प्रमाणपत्र मांगने पर उसी दिन उसे उपलब्ध कराई जा सके।

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

Scanned with CamScanner